# तुरंत जाएँ, टीका लगवाएँ !

PREVENT GLOBAL HPV CANCERS

**आज ही अपनी बेटी को टीका लगवायें और उसके भविष्य को गर्भाशय के मुँह के कैंसर से बचाएं।**



गर्भाशय के मुँह का कैंसर मुख्यत: एचपीवी संक्रमण के कारण होता है। एचपवी संक्रमण बहुत ही सामान्य है। **लगभग सभी** अपने जीवनकाल में एचपीवी से संक्रमित होते हैं। **एचपीवी का टीका एचपीवी संक्रमण को रोकने में मदद करता है** जो की गर्भाशय के मुँह के कैंसर का कारण बन सकता है।

## उम्र महत्वपूर्ण है।

अधिक उम्र में टीकाकरण करने की तुलना में,
अनुशंसित उम्र में किये गए टीकाकरण से ज़्यादा सुरक्षा मिलती है।

**सही उम्र** 9-14 साल

**देर से/ अधिक खुराक** 15 और उससे ज़्यादा उम्र

डॉक्टर की सलाह अनुसार लड़कियों को **9 से 14 वर्ष** की उम्र के बीच एचपीवी का टीका लगवा लेना चाहिए ताकि भविष्य में गर्भाशय के मुँह और चार अन्य एचपीवी कैंसरों से सुरक्षा मिल सके।

## अपॉइंटमेंट आज ही बुक करें!



जब आप अपनी बेटी को **सही उम्र यानी उसके पंद्रहवें जन्मदिन से पहले** टीका लगवाते हैं तो आप उसे लगभग सभी एचपीवी कैंसरों से सुरक्षित रख सकते हैं, जिसमें गर्भाशय के मुँह का कैंसर भी शामिल है।

**एचपीवी टीकाकरण की तारीख:** ________________________________

# प्रश्न और उत्तर

PREVENT GLOBAL HPV CANCERS

## एचपीवी टीकाकरण 9 - 14 वर्ष के बीच  क्यों आवश्यक है?

9-14 साल की उम्र में टीकाकरण का प्रभाव सबसे ज़्यादा होता है और शरीर को सबसे ज़्यादा सुरक्षा मिलती है। एचपीवी टीकों पर किए गए अध्ययन हमें यह बताते हैं कि अधिक उम्र में टीकाकरण करने की तुलना में, सही उम्र में किये गए टीकाकरण से ज़्यादा सुरक्षा मिलती है।

## मेरी बेटी की उम्र 14 साल से ज्यादा है, मुझे क्या करना चाहिए?

एचपीवी टीकाकरण 15वें जन्मदिन से पहले सबसे उपयुक्त है। अधिक उम्र में भी यह कुछ सुरक्षा प्रदान करता है। 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र की लड़कियों को टीका लगाना उतना ही सुरक्षित है, हालांकि उन्हें टीके की अतिरिक्त खुराक की आवश्यकता होगी।

## क्या एचपीवी टीकाकरण के कोई दुष्प्रभाव भी होते हैं?

एचपीवी टीकाकरण पूरी तरह से सुरक्षित है। अन्य टीकों के सामान एचपीवी टीकाकरण से भी बुखार, सिरदर्द, टीके के स्थान पर दर्द या लाली हो सकती है। केवल कुछ बच्चों को टीका लगवाने के बाद चक्कर आ सकते हैं । इसीलिए आपके बच्चे को टीका लगवाने के बाद लगभग 15 मिनट तक बैठाया जा सकता है।

## एचपीवी टीकाकरण की लागत और स्थान की जानकारी के लिए अपने नजदीकी क्लिनिक या अस्पताल से संपर्क करें ।

प्रीवेंट ग्लोबल एचपीवी कैंसर्स एक सहयोगी पहल है जिसे अमेरिकन कैंसर सोसायटी के ग्लोबल एचपीवी कैंसर फ्री प्रोग्राम का समर्थन मिलता है।.
अंतिम संशोधन  जनवरी 2024